प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

पटवारी दो हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 02 दिसम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा शुक्रवार को पटवार सर्कल वसी, ILR वृत–गडा मौरेया, तहसील एवं जिला डूंगरपुर में पदस्थापित पटवारी, श्री प्रवीण सिंह पुत्र श्री शंकर लाल जाट को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

श्री वी.के. सिंह, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी डॉ. पुष्पेन्द्र पण्ड्या पुत्र श्री नारायण लाल पण्ड्या, निवासी वसी, तहसील एवं जिला डूंगरपुर ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी पुश्तेनी कृषि भूमि की नक्श ट्रेस, जमाबंदी खतौनी, खसरा गिरदावरी की प्रतिलिपियां जारी करने की एवज में पटवारी द्वारा दो हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गई।

ब्यूरो चौकी डूंगरपुर द्वारा शिकायत के सत्यापन के उपरान्त ट्रेप का आयोजन कर पटवार सर्कल वसी, ILR वृत–गडा मौरेया, तहसील एवं जिला डूंगरपुर में पदस्थापित पटवारी, श्री प्रवीण सिंह को दो हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। रिश्वत राशि पटवारी के घर में लकड़ी का सोफा कम बेंच पर रखी डायरी से बरामद किये गये। मौके पर कार्यवाही जारी हैं।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –